## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवम् पदेन सहायक कलक्टर पीलीबंगा

**पीठासीन अधिकारी :—अमिता बिश्नोई** आर.ए.एस.

**राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या :— 169 / 2024**

1. प्रमेश्वरी देवी पत्नी सुधीर कुमार जाति जाट साकिन प्रेमपुरा तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़।
2. राजेश कुमार डेलू पुत्र सुरेन्द्र कुमार डेलू जाति जाट साकिन प्रेमपुरा तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़।
3. सुभाषचन्द्र पुत्र गिरधारीलाल जाति जाट साकिन प्रेमपुरा तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़।
4. सुमन पत्नी राजेश कुमार डेलू जाति जाट साकिन प्रेमपुरा तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़ ।

प्रार्थीगण

बनाम

1. इमीचन्द पुत्र श्रीराम जाति जाट साकिन प्रेमपुरा तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़।
2. चानण पुत्र श्रीराम जाति जाट साकिन प्रेमपुरा तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़।
3. भागीरथ पुत्र श्रीराम जाति जाट साकिन प्रेमपुरा तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़।
4. रणजीत पुत्र श्रीराम जाति जाट साकिन प्रेमपुरा तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़।
5. हनुमान पुत्र श्रीराम जाति जाट साकिन प्रेमपुरा तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़।
6. सावित्री देवी पत्नी लालचन्द जाति जाट साकिन प्रेमपुरा तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़।
7. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (राजस्व) पीलीबंगा तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़।

अप्रार्थीगण

## दावा अन्तर्गत धारा 136, 131 एलआरएक्ट संशोधन बाबत

**—:: उपस्थित अभिभाषकगण ::—**

| | |
|---|---|
| 1. श्री हीरालाल बिरथलिया | प्रार्थीगण |
| 2. श्री धर्मपाल | अप्रार्थी संख्या 1 ता 6 |
| 2. राज पैरोकार | अप्रार्थी |

**—:: निर्णय ::—**

Signature Not Verified
Digitally signed by Amita Bishnoi
Date: 2025.07.22 10:45:48 IST
Reason: SelfAttested

दिनांक :— 09.07.25

प्रार्थना पत्र अधिवक्ता प्रार्थी [illegible] प्रार्थीगण की ओर से अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है प्रार्थना पत्र [illegible] तथ्य इस प्रकार से है कि यह कि प्रार्थीगण के नाम से संयुक्त खाता की खातेदारी कृषि भूमि वाके तहसील पीलीबंगा के चक 22 पीबीएन के खाता सं. 29 के प.नं. 11/335 के किला नं. 4/2, 7, 14, 17, 2[illegible] 088 हैक., प.नं. 13/334 के किला नं. 1 ता 3, 4/1, 6/1, 6/2, 7 ता 9, 10/1, 10/2, 11/1, 11/2, 12 कुल तादादी 3.427 हैक. नहरी म.गै.मु. खाला रास्ता, मुताबिक नकल

सहायक कलक्टर
पीलीबंगा
जिला हनुमानगढ़

जमाबन्दी सम्वत् 2074–77 दर्ज राजस्व रिकार्ड है। प्रमाणित प्रति जमाबन्दी संलग्न प्रार्थना पत्र है।

यह कि अप्रार्थी सं. 1 ता 6 के नाम से संयुक्त खाता की खातेदारी कृषि भूमि वाके तहसील पीलीबंगा के चक 22 पीबीएन के खाता सं. 153 के प.नं. 11/335 के किला नं. 3, 4/1, 8, 13, 18, 23, प.नं. 14/330 के किला नं. 6/1, 6/2, 6/3, 7 ता 15/3 कुल तादादी 3.972 हैक. नहरी म.गै.मु. खाला रास्ता मुताबिक नकल जमाबन्दी सम्वत् 2074–77 दर्ज राजस्व रिकार्ड है । प्रमाणित प्रति जमाबन्दी संलग्न प्रार्थना पत्र है।

यह कि प्रार्थना पत्र की मद सं. 1, 2 मे वर्णित कृषि भूमि का सेरिगेशन विभाग द्वारा ऑनलाईन नक्शा व तरमीम करते समय बिना किसी प्रकार से प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण द्वारा काश्त की जा रही भूमि का मौका देखे बिना ही प.नं. 11/335 के किला नं. 4/1, 4/2 की तरमीम गलत कर दी गई है अर्थात अप्रार्थीगण के प.नं. 11/335 के किला नं. 4/1 1.177 हैक. की तरमीम उत्तरी दिशा मे व प्रार्थीगण के प.नं. 11/335 के किला नं. 4/2 1.076 हैक. की तरमीम दक्षिणी दिशा मे कर दी है जबकि वास्तविकता मे अप्रार्थीगण का कब्जा व काश्त प.नं. 11/335 के किला नं. 4/1/177 हैक. पश्चिमी दिशा उत्तर से दक्षिण लम्बा व प्रार्थीगण का कब्जा व काश्त प.नं. 11/335 के किला नं. 4/2 1.076 हैक. पूर्वी दिशा उत्तर से दक्षिण लम्बी काश्त की जा रही है। ऑनलाईन नक्शा मे सहवन व लिपकिय भूल से पटवारी हल्का द्वारा तरमीम गलत किये जाने से प्रार्थीगण को अपूर्णीय व अपरिमय क्षति हो रही है इसलिए प्रार्थीगण मुताबिक कब्जा काश्त के चक 22 पीबीएन के प.नं. 11/335 के किला नं. 4/2 1.076 हैक. की तरमीम ऑनलाईन नक्शा मे पूर्वी दिशा मे उत्तर से दक्षिण लम्बी किये जाने की दुरूस्ती राजस्व अभिलेख मे किये जाने के आदेश तहसीलदार पीलीबंगा को प्रदान करे।

अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थीगण का मुताबिक कब्जा काश्त के चक 22 पीबीएन के प.नं. 11/335 के किला नं. 4/2 1.076 हैक. की तरमीम ऑनलाईन नक्शा मे पूर्वी दिशा मे उत्तर से दक्षिण लम्बी किये जाने की दुरूस्ती राजस्व अभिलेख मे किये जाने के आदेश तहसीलदार पीलीबंगा को प्रदान करे। श्रीमान जी की अति कृपा होगी।

प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर बाद रिपोर्ट सरिस्ता दर्ज रजिस्टर किया गया अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया अप्रार्थी संख्या 1 ता 6 की ओर से इकबाल प्रार्थना पत्र मय वकालतनामा प्रस्तुत किया गया है शामिल प्रार्थना पत्र है। इकबाल प्रार्थना पत्र अप्रार्थी सं. 1 ता 6 की ओर से निम्न प्रकार से है – यह कि प्रार्थना पत्र की दफा 1 स्वीकार है।यह कि प्रार्थना पत्र की दफा 2 स्वीकार है। मिन अप्रार्थी सं. 1 ता 6 के नाम से संयुक्त खाता की खातेदारी कृषि भूमि वाके तहसील पीलीबंगा के चक 22 पीबीएन के खाता सं. 153 के प.नं. 11/335 के किला नं. 3, 4/1, 8, 13, 18, 23, प.नं. 14/330 के किला नं. 6/1, 6/2, 6/3, 7 ता 15/3 कुल तादादी 3.972 हैक. नहरी म.गै.मु. खाला रास्ता मुताबिक नकल जमाबन्दी सम्वत् 2074–77 दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

यह कि प्रार्थना पत्र की दफा 3 स्वीकार है। ऑनलाईन नक्शा मे सहवन व लिपकिय भूल से पटवारी हल्का द्वारा तरमीम गलत किये जाने से प्रार्थीगण को अपूर्णीय व अपरिमय क्षति हो रही है इसलिए प्रार्थीगण मुताबिक कब्जा काश्त के चक 22 पीबीएन के प.नं. 11/335 के किला नं. 4/2 1.076 हैक. की तरमीम ऑनलाईन नक्शा मे पूर्वी दिशा मे उत्तर से दक्षिण लम्बी किये जाने की दुरूस्ती राजस्व अभिलेख मे किये जाने के आदेश तहसीलदार पीलीबंगा को प्रदान करे। अतः इकबाल प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र मुताबिक स्वीकार किया जाकर निर्णय किया जावे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Amita Bishnoi
Date: 2025.07.22 10:45:48 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर
पीलीबंगा
जिला हनुमानगढ़

प्रकरण में तहसीलदार पीलीबंगा से पत्रांक 1824 दिनांक 12.12.24 व पत्रांक 319 दिनांक 24.04.25 से रिपोर्ट प्राप्त की गई मुताबिक रिपोर्ट चक 22 पी.बी.एन. के खाता संख्या सं. 29 प0नं0 11/335 (71) के कि.नं. 4/2, 7,14,17,24 व प0नं0 13/334 (69) के किला नं0 1 ता 3, 4/1, 6/1, 6/2, 7 ता 9, 10/1, 10/2, 11/1, 11/2, 12 कुल रकबा 3.427 है0 कृषि भूमि खातेदार प्रेमेश्वरी देवी पत्नी सुधीर कुमार 2142/17135 हि० राजेश कुमार डेलू पुत्र सुरेन्द्र कुमार 2142/17135 हिव, सुभाष चन्द्र पुत्र गिरधारीलाल 1/2 हि० सुमन पत्नी राजेश कुमार डेलू 8567/34270 हि० व खाता सव 153 के प० नं० 11/335 (71) किला नं0 3, 4/1, 8, 13, 18, 23 व प0नं0 14/330 (36) किला नं0 6/1, 6/2, 6/3,7 ता 15 कुल रकबा 3.972 है0 कृषि भूमि इमीचन्द पुत्र श्रीराम वगैराह के नाम से राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। मौके पर उपस्थित खातेदारों से पूछताछ करने पर बताया गया कि प०नं० 11/335 (71) कि0नं0 4/10.177 है० भूमि पश्चिम दिशा में उत्तर से दक्षिण खाता सं0 1553 के खातेदार इमीचन्द वगैराह पि० श्रीराम व किला नं0 4/2 0.076 है0 भूमि पूर्व दिशा में उत्तर से दक्षिण खाता स० 29 के खातेदारों के द्वारा काश्त की जा रही है।

## आदेश

बहस अधिवक्ता प्रार्थी सुनी गई। अधिवक्ता प्रार्थी ने बहस में कथन किया कि मुताबिक प्रार्थना पत्र रिकार्ड में नक्शा शुद्ध किया जावे। बहस पर मनन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया प्रार्थनापत्र का गहन अध्ययन किया गया। प्रस्तुत दस्तावेजों शपथ पत्र एवं तहसीलदार पीलीबंगा से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136, 131 एलआरएक्ट के तहत स्वीकार किया जाता है एवं तहसीलदार रिपोर्ट के आधार पर मुताबिक कब्जा काश्त चक 22 पीबीएन के प.नं. 11/335 के किला नं. 4/2 1.076 हैक. की तरमीम ऑनलाईन नक्शा मे पूर्वी दिशा मे उत्तर से दक्षिण लम्बी किये जाने के आदेश पारित किये जाते है। राजस्व अभिलेख मे शेष खाता हक्क व हिस्सा राजस्व रिकार्ड यथावत रहेगा।

खर्चा फरीकेन अपना–अपना वहन करेंगे। आदेशानुसार पर्चा डिक्री जारी की जावे। पत्रावली निर्णय शुमार होकर बाद तकमील दफ्तर दाखिल हो।

आदेश आज दिनांक 09/07/2025 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Amita Bishnoi
Date: 2025.07.22 10:45:48 IST
Reason: SelfAttested

(अमिता बिश्नोई आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी,
पदेन सहायक कलेक्टर
पीलीबंगा